Title: Need to provide drinking water facilities for the people living in the Rajouri district of Jammu and Kashmir.

वैद्य विणु दत्त (जम्मू): उपाध्यक्ष महोदय, जम्मू में साम्बा से लेकर राजौरी और कंडी के इलाके में पिछले दिनों बरसात न होने के कारण पानी की काफी किल्लत है। देश की 53 वर्ा की आजादी के बाद उस क्षेत्र की परिस्थिति यह है कि लोग तालाबो का पानी पीने के लिये मजबूर हैं जबकि उन लोगो के पशु दूर-दराज़ के इलाकों में पानी पीने के लिये चले जाते हैं। ऐसी हालत में नीम पहाड़ी इलाके में जमीन की गहरी खुदाई करके भी पानी निकालना मुश्किल है, इसलिये वहां पानी की किल्लत है। वहां कोई दरिया भी नहीं है जहां से पानी लाया जा सके।

उपाध्यक्ष महोदय, यह 300 किलोमीटर लम्बा इलाका है जहां पानी न मिलने से लोगों में मायूसी है। उन लोगो को आजादी के बाद भी यह सुख नहीं मिला। इसलिये मेरा निवेदन है कि वाटर रिसोर्सेज़ डिपार्टमेंट उस इलाके के लिये कोई स्पेशल प्रोग्राम दे ताकि आजादी के 53 सालो के बाद जिन लोगों को तालाबों का पानी पीना पड़ रहा है, यह पानी पीकर बीमार न हों। इसके अलावा वहा चैक डैम बनाने चाहिये ताकि बरसात का पानी उसमें महफूज़ किया जाये और जो मिलिनियम वैल्ज स्कीम है, उसके तहत गहराई पर खोजने से उन कुओं से पानी मुहैया हो सके। मैं सरकार से यही इल्तजा करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.50 p.m.

1348 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till fifty minutes

past Fourteen of the Clock.